Title: Need for construction of a by pass in Lakhisarai District in Bihar under Prime Minister Sadak Yojana.

श्री राजो सिंह (बेगूसराय) : अध्यक्ष महोदय, हमारे बेगुसराय संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत लखीसराय जिला में लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेता है क्योंकि बाईपास नहीं होने के कारण आये दिन दुर्घटनायें होती रहती हैं। प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत रामगढ़ चौक से भाया अशोक धाम होते हुये नेशनल हाइवे-80 में जोड़ दिया जाता तो इससे कई गांव जो पिछड़े इलाके के हैं, जिसकी आबादी एक हज़ार से ऊपर की है, लाभान्वित होते।

मैं सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान इस ओर दिलाकर आग्रह करना चाहता हूं कि शीघ्र इस सड़क को प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत लखीसराय जिला में स्वीकृत कराकर कार्य प्रारम्भ कराने का आदेश देने की कृपा की जाये।

(इति)